रिपोटरध्सुनील कुमार गौतम कानपुर देहात के मैथा तहसील क्षेत्र के मडौली गांव में भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष जिला अध्यक्ष विपिन तिवारी एवमं रसूलाबाद ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर यादव सैकड़ों पदाधिकारी के साथ पहुंचकर परिवार को सांत्वना देते हुए मृतक मां बेटी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं रूरा नगर पंचायत में पूर्व विधायक रामस्वरूप गौर के आवास पर पहुंचकर पूर्व विधायक की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वही इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के इस मौके पर उपस्थित रहे मंडल अध्यक्ष चौधरी रमेश यादव जिला अध्यक्ष विपिन तिवारी जिला महासचिव घनश्याम यादव मैथा तहसील अध्यक्ष रणधीर सिंह रसूलाबाद ब्लाक अध्यक्ष रणवीर सिंह प्रचार मंत्री रमेश लोधी व पन्नालाल आदि किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुरुषार्थ चतुष्ठय का प्रदायक है श्रीमद्भागवत महापुराण

प्रयागराज – हंडिया तहसील के वारी बरियांवा मिश्रपुर में क्षेत्र के प्रतिष्ठित कर्मकाण्ड के ज्ञात पंडित बरमदीन तिवारी के यहाँ चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ



में प्रातः से वेदियों एवं भगवान का पूजन तथा दिन में दो बजे से छरू बजे तक कथा प्रवचन का भव्य आयोजन काशी,प्रयाग,अयोध्या, वृन्दावन से अनेक विद्वानों के द्वारा विगत दो दिवस से चल रहा हैद्यजिसमें कथा व्यास आचार्य रमेश चन्द्र शुक्ल ने कथा के अनेक संदर्भों का व्याख्यान करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण पुरुषार्थ चतुष्ठय का प्रदायक है।इस अवसर पर पंडित रामदेव तिवारी सोहगौरा महाराज,आचार्य धीरज द्विवेदी ष्याज्ञिकष, आचार्य मनमोहन पांडेय,आचार्य विष्णु पांडेय,आचार्य चंद्रभूषण तिवारी,पंडित त्रिवेणी प्रसाद तिवारी,चंद्रकांत तिवारी,आचार्य सूर्यकांत तिवारी,शुभम शुक्ल,ग्राम प्रधान राजीव दुबे,शिवराम दुबे,सियाराम दुबे आदि सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## दबंग आईपीएस अधिकारी श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों से नशे के विरुद्ध 50वां जागरूकता कार्यक्रम



नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत साइकिल चलाकर यमुनानगर पहुंचे जागरूकता कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अशोक कुमार का स्वागत

यमुनानगर। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख एवं अंबाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और प्रयास फाउंडेशन के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष दबंग आईपीएस अधिकारी श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों और मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध 50वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनसीबी हरियाणा नशा मुक्त हरियाणा के संकल्प को साकार करने के लिए प्रत्येक दृष्टिकोण से कार्यरत है। इस कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ब्यूरो प्रमुख श्री श्रीकांत जाधव साहब के निर्देशानुसार साइकिल यात्रा निकाल कर भी लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक कर रहे हैं। पूर्व में वे कुरुक्षेत्र से कुंडली बॉर्डर तक साइकिल यात्रा निकाल लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक कर चुके हैं। आज वे कुरुक्षेत्र से साइकिल चलाकर यमुनानगर पहुंचे जहाँ पर प्रयास प्रयास के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। लोगों को नशे से के विरुद्ध जागरूक करते हुए सड़क मार्ग में आने जाने वाले लोग रूककर उनसे मिल रहे थे और अभियान के बारे में जानकारी प्राप्त कर बहुत प्रसन्न हो रहे थे कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो नशे को समाप्त करने के लिए जन जन तक सन्देश पहुंचा रही है तो दूसरी और पुलिस का साइकिल पर चलना भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। ब्यूरो के उप निरीक्षकध्जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने लोगों को बताया कि साइकिल पर चलने का मुख्य कारण यह है कि इसमें प्रत्येक व्यक्ति तक सरलता से पहुंचा जा सकता है और कोई भी शीघ्रता नहीं होती। दूसरे साइकिल पर्यावरण मित्र भी है। साइकिल चलाने से शर्करा अर्थात शुगर और रक्तचाप अर्थात बीपी नियंत्रित रहता है और घुटनों को बल मिलता है। स्वास्थ्य सुधार के साथ साथ साइकिल लोगों तक पहुंचे का सबसे उत्तम साधन है। उन्होंने कहा कि पिछले अनेक वर्षों से वे साइकिल को प्रोत्साहित करते हैं और उनके अनुसार छोडो अब शर्माना अच्छा स्वास्थ्य चाहिए तो साइकिल से आरम्भ करो आना जाना। नशा करने का अब नहीं चलेगा कोई बहाना। हमें सबको मिलकर नशा मुक्त भारत है बनाना आदि। इस अवसर पर प्रयास के पदाधिकारी शालू चौहान, अशोक कुमार, ऋचा तलवाड़ यमुनानगर यातायात निरीक्षक राम पाल, सुशील कुमार और हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो यमुनानगर इकाई के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अपराध नियंत्रण की दिशा में कानपुर देहात पुलिस को मिली बड़ी सफलता

थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा कुछ ही घण्टों के अन्दर लूट की घटना कारित करने वाले 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूट के 6500ध्– रुपये, घटना में प्रयुक्त 01 अदद अपाचे मोटरसाइकिल व 01 किलो अवैध मादक पदार्थ(गांजा) किया है बरामद

बरामद गांजा पुलिस ने अनुमानित कीमत– बताई है करीब 1,76,500 रुपये कानपुर देहात... अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के लालपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत स्थित बदनाम गुजिया के पास लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले मोटरसाइकिल सवार दो लुटेरों में से एक लुटेरे को पुलिस ने घटना घटित होने के 2 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अपाचे मोटरसाइकिल एवं 1 किलो नाजायज गांजा तथा लूटे गए 6500 रुपए नगद भी बरामद किए हैं पुलिस के मुताबिक आरोपी के कब्जे से बरामद नाजायज गांजा की कीमत करीब एक लाख 76 हजार 500 रुपए बताई गई है....

बताते चलें कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर आलोक कुमार सिंह व पुलिस महानिरीक्षक रेन्ज कानपुर प्रशान्त कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी अकबरपुर के कुशल नेतृत्व में थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये दिनांक 24.02.2023 को वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना अकबरपुर पर मु0अ0सं0 63ध्2023 धारा 392ध्411 भा0द0वि0 बनाम 02 नफर अभियुक्त अज्ञात पंजीकृत किया गया था। जिसमें थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर 01 नफर अभियुक्त छोटुआ कंजड़ पुत्र बदन सिंह निवासी ग्राम मंगलपुर डेरा थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 25 वर्ष को गोल्ड भट्टा के पास वहद ग्राम पातेपुर से मय लूटी हुई नकदी 6500 रूपये, घटना में प्रयुक्त 01 अदद अपाचे मोटरसाइकिल व 01 किलो अवैध मादक पदार्थ(गांजा) के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

क्षेत्राधिकारी अकबरपुर प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि दिनांक 24.02.2023 की शाम को हम लोग मो0सा0 अपाचे से घूम रहे थे। जिसको राहुल पुत्र लालजी निवासी आजादनगर थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात लेकर आया था तथा उसी के साथ मिल कर इधर उधर लूट करने के उद्देश्य से घूम रहे थे मोटरसाइकिल मै स्वयं चला रहा था एवं राहुल पीछे बैठा था शिकार की तलाश करते करते करीब समय 5.30 बजे नवीपुर की तरफ से लालपुर की तरफ जा रहे थे तो बदनाम गुजिया होटल के पास झांसी रोड की तरफ एक व्यक्ति खड़ा था जिसके पास पहुचं कर हम लोगो ने राम राम करके उसकी तलाशी लेकर उसकी जेब से 10 हजार रुपये लूट लिये, तथा उस व्यक्ति के शोर मचाने पर हम लोग वहां से पातेपुर गोल्डन भट्टा के तरफ जाकर छुप कर बैठ गये थे एवं रुपये का आपस में बटवारा कर रहे थे कि तभी पुलिस आ गयी, जिसे देखकर राहुल मौके से भाग गया मुझे पुलिस वालों ने पकड़ लिया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना अकबरपुर पर मु0अ0सं0 64ध्2023 धारा 18ध्20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध मु0अ0स0 486ध्2017 धारा 379ध्411 भा0द0वि0 थाना मंगलपुर कानपुर देहात, मु0अ0स0 487ध्2017 धारा 3ध्25 आयुध अधिनियम थाना मंगलपुर कानपुर देहात मु0अ0स0 160ध्2019 धारा 308ध्323ध्325ध्504 भा0द0वि0 थाना मंगलपुर कानपुर देहात मु0अ0स0 63ध्2023 धारा 392 भा0द0वि0 थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात मु0अ0स0 64ध्2023 धारा 18ध्20 एनडीपीएस एक्ट थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात में पंजीकृत बताए गए हैं एवं गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 01 किग्रा गांजा, 01 अदद मोटर साइकिल अपाचे,लूटे गये 6500ध्– रुपये भी बरामद किए हैं। उपरोक्त आरोपी की गिरफ्तारी करने मेंउ0नि0 संजीव कुमार चौकी प्रभारी जैनपुर थाना अकबरपुर,हे0का0 465 योगेन्द्र सिह चौकी लालपुर, हे0का0 580 सतीश चन्द्र चौकी लालपुर, का0 875 अजीत सिंह चौकी जैनपुर अकबरपुर कानपुर देहात का सराहनीय योगदान रहा....

## एडीजीपी श्री श्रीकांत जाधव भापुसे साहब के दिशानिर्देशों से नशे के विरुद्ध 108वां और 109वां जागरूकता कार्यक्रम और पैदल यात्रा



नशे के विरुद्ध पैदल जागरूक यात्रा निकाल नशे की बुराई से कराया अवगतकरनाल। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख एवं अंबाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और प्रयास फाउंडेशन के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्री श्रीकांत जाधव भापुसे साहब के दिशानिर्देशों और मार्गदर्शन में राजकीय उच्च विद्यालय तखाना में नशे के विरुद्ध 108वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया तो दूसरी और ट्रैफिक वेलफेयर एंड रोड सेफ्टी फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों के साथ 109वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम कार्यक्रम में तखाना गाँव में पैदल जागरूकता यात्रा निकाल नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। ब्यूरो प्रमुख श्री श्रीकांत जाधव साहब के आदेशानुसार आयोजित कार्यक्रम में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में पधारे और उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने कार्यक्रम में सहयोग किया। विद्यालय के मुख्याध्यापक सुशील शर्मा और शिक्षक डॉ. सोमनाथ शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन एक बार मिलता है और यदि मनुष्य इस छोटे से जीवन में नशे की लत में पड़ जाए तो जीवन मृतसमान हो जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमे बुरे संग से दूर रहने के साथ साथ नशे से बचना होगा और अन्य लोगों को भी जागरूक करने की आवश्यकता है। समाज और राष्ट्र के विकास में युवाओं का सबसे अधिक सहयोग रहता है और यदि युवा ही पथ से भ्रष्ट होकर नशे में चला जाए तो देश को कौन संभालेगा। उन्होंने कार्यक्रम में अनेक उदाहरण, गीत, कविताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का पाठ पढ़ाया गया। अंत में सभी ने शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि वे ब्यूरो के इस अभियान में सहभागिता करेंगे और हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं भी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात ब्यूरो अधिकारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में गाँव में नशे के विरुद्ध पैदल जागरूकता यात्रा निकाली गई। विद्यार्थी बोल रहे थे नशा मुक्त हरियाणा जित दूधा दही का खाना, नशा छोडो आगे बढ़ो, हम सबकी एक ही मांग बंद करो भुक्की और भांग आदि। दूसरे कार्यक्रम में ब्यूरो उप निरीक्षक एवं जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने लोगों से आह्वान किया कि वे नशा मुक्त हरियाणा अभियान में सहभागिता करें और ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में विशेष भूमिका निभाएं। कार्यक्रम संयोजक संजीव शर्मा और अशोक भारद्वाज ने डॉ. वर्मा का धन्यवाद किया और एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## आम के बागों को चढ़ा बसंती खुमार,बौर देख खुश हुए बागवान




बसंत ऋतु का प्रभाव ग्रामीण इलाकों के बाग बगीचों में इस समय दिखने लगा है।आम के पेड़ बौर से लद गए हैं जिन्हें देखकर बागवान खुश हो गये हैं।आम के बागों में मौसम की अनुकूलता के चलते बौर पूरी तरह से निकल आये हैं।आम के बौर के लिए यही अवस्था संवेदनशील होती है उचित प्रबंधन,सही समय पर सिंचाई और कीटनाशकों का प्रयोग करके अगर बागवान आम के बौर को बचा ले गये और तेज आंधी तूफान और ओलावृष्टि से बौर बचे रह गए तो आम के अच्छे पैदावार की आशा की जा सकती है।यह विकास खंड मछलीशहर के गांव बामी का दृश्य है जहां आम के बौर पर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।बामी के आस–पास के भटेवरा,चितांव,कठार, खारुआवां, महापुर, भुसौला,खजुरहट, ऊंचगांव,अमोध आदि में लोगों के पास अपने जरूरत भर के उत्पादन के लिए छोटी –छोटी बाग हैं जिनमें उन्नत प्रजातियों के साथ –साथ देशी आम के पेड़ हैं।अगर मछलीशहर तहसील क्षेत्र में आम की व्यवसायिक खेती की बात करें तो मुंगराबादशाहपुर कस्बे से सटे सरायडिंगुर और रामनगर का नाम प्रमुखता से आता है। ग्राम सराय डिंगुर में विजयसेन सिंह, विमल प्रताप सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह,अजय राणा प्रताप,अनिल सिंह, विवेक सिंह,ऋषभ सिंह सहित कई बागवानों के पास बड़ी बागें हैं जिनमें दशहरी,चौसा,सफेदा, बनारसी और लंगड़ा प्रजातियों के आम हैं और यहां के बागवान प्रतिवर्ष पांच से बारह लाख रुपए तक अपनी बागों को बेच देते हैं।इस सम्बन्ध में सराय डिंगुर निवासी कल्लू सिंह कहते हैं कि आम के बौर पर दवाओं का पहला छिड़काव जनवरी के अन्तिम सप्ताह में करा चुके हैं और इस समय दूसरे दौर का छिड़काव जारी है तीसरे दौर का छिड़काव मार्च के तीसरे सप्ताह में कराया जाएगा।इस वर्ष उनके बागों में पिछले वर्ष की तुलना में अच्छा बौर आया हुआ है। बागों को ठेके पर लेने वाले व्यवसायियों का आना जाना शुरू हो गया हैं। छोटे–छोटे फल लगते ही सौदा तय करके इन्हें बागों को सौंप दिया जाएगा।

## पीड़ित विधवा का पुलिस उपायुक्त यमुनानगर के समक्ष क्रमिक आमरण अनशन शुरू

प्रयागराज 27 फरवरी, करछना थानांतर्गत ग्रामसभा सेमरी मजरा ताल का पुरवा निवासिनि चंदो देवी पत्नी स्व. रामअभिलाष सोमवार को विपक्षीगण के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के बाबत कार्यालय पुलिस उपयुक्त यमुनानगर के समक्ष क्रमिक आमरण अनशन पर बैठी। पांच बजे तक कोई कार्यवाही न होने पर चंदो देवी ने बताया जब तक विपक्षीगणों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं हो जाती तब तक कार्यालय पुलिस उपयुक्त यमुनानगर के समक्ष क्रमिक आमरण अनशन जारी रहेगा। बता दे कि चन्दो देवी पत्नी स्व. राम अभिलाष ग्रामसभा सेमरी ताल का पुरवा, थाना करछना की निवासिनि है। प्रार्थिनी ने दिनांक 13.10.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को विपक्षीगणों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के बावत शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें विपक्षीगण जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये गाली देते हुए अश्लील हरकत किये तथा 5500ध्– रुपये लूट लिये के सम्बन्ध में था। जिसमें क्षेत्राधिकारी करछना दिनांक 14.11.2022 को जांच के लिए पीड़िता के घर आये तथा पीड़िता से मिलकर उससे जानकारी लिया तथा जल्द कार्यवाही का आश्वासन देकर चले गये। क्षेत्रधिकारी करछना के जाने के पश्चात पीड़िता खेत में स्थित अपनी कुरिया ध मडई में जा ही रही थी तभी रास्ते में समय लगभग रात्रि 6रू00 बजे पीड़िता से कस्तूरबा गांधी महिला समाख्यान स्कूल के सामने विपक्षीगण आये और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये पीड़िता के साथ अश्लीलता की पीड़िता को जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुये भद्दी भद्दी गालियां देते हुये जान से गोली मार दूंगा तो कम तमाम हो जाएगा तथा अन्य विपक्षी ने कहा कि उप जिलाधिकारी करछना ने जो कागज पर अंगूठा ध हस्ताक्षर के लिए दिया है उसमें हस्ताक्षर करा लो बाद में इनको ठिकाना लगा दिया जायेगा विपक्षीगणों ने जबरजस्ती अंगूठा लगवा लिया और कहा कि अभी तो छोड़ दे रहे है बाद में पीड़िता को ठिकाना लगवायेंगे इस वाकया से पीड़िता काफी डरी व सहमी है। प्रार्थिनी को डर है कि कही उसकी हत्या न करवा दिया जाय। पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी करछना व थानाध्यक्ष करछना का विपक्षीगणो से सांठगांठ का आरोप भी लगाया है क्योकि विपक्षीगण अभी तक अपने बचाव के लिये बीस भेंड़ और दस बकरी को बेच चुके है। पीड़िता हार मानकर विपक्षीगणो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के बावत कार्यालय पुलिस उपायुक्त यमुनानगर के समक्ष आज भी धरने पर बैठेगी।

## दिल्ली विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया आशीष त्रिपाठी को




गोला गोकर्णनाथ खीरी। दिल्ली विश्वविद्यालय के 99वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की गरिमामयी उपस्थिति में विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा जिले के नगर मोहम्मदी निवासी आशीष त्रिपाठी जोकि असिस्टेंट प्रोफेसर दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज दिल्ली में कार्यरत हैं को डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की। पीएचडी की उपाधि मिलने पर असिस्टेंट प्रोफेसर आशीष त्रिपाठी ने इसका श्रेय अपने माता–पिता के साथ–साथ गुरुजनों को दिया। ज्ञात हो कि आशीष त्रिपाठी ने प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर मोहम्मदी से प्राप्त की, उसके बाद इंटर मीडिएट की पढ़ाई सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला से की स्नातक, एमए, एमफिल और पीएचडी तक की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय से की है। आशीष निरंतर क्षेत्र के रहने वाले आसपास के छात्र–छात्राओं की शिक्षा के क्षेत्र में काफी मदद करते रहे हैं। उनका कहना है शिक्षा सिर्फ पाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उसके विस्तार में ही देश का कल्याण है। देश की प्रगति में शिक्षा एक मूल स्तंभ है। खीरी सांसद व गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, क्षेत्रीय सांसद धौराहरा रेखा वर्मा, क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, मोहम्मदी नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह सहित तमाम लोगों ने आशीष की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों को बधाई दी है।

## आखिर जिम्मेदार अधिकारियों की खुली नींद मिनी स्टेडियम का कार्य हुआ लगभग पूर्ण

कानपुर देहात जिला विशेष संवाददाता बलवीर सिंह मैथा क्षेत्र में जिम्मेदार लोगों की लापरवाही से शासन की प्राथमिकता में होने के बावजूद भी टोडरपुर ग्राम पंचायत के मजरा शेखुपुर में मिनी स्टेडियम का कार्य काफी दिनों से बंद पड़ा था मैथा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टोडरपुर के मजरा शेखुपुर में चयनित मिनी स्टेडियम बनाए जाने के लिए लाखों रुपए आवंटित हुआ था राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने 25 अप्रैल 2022 को फीता काटकर निर्माण कार्य शुरू करवाया था लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते मिनी स्टेडियम का कार्य अधूरा पड़ा हुआ था जोकि अब मिनी स्टेडियम का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है जिसमें समर बोरिंग बाउंड्री वाल आदि सभी कार्य पूरे होते नजर आ रहे हैं।

## पर्यावरण मित्र नवीन कुमार दीक्षित ने बच्चों को वितरित किए गेंदा जैसे फूलों वाले बिजली के पौधे

जूनियर विद्यालय सिठमरा डेरापुर कानपुर देहात में प्रधानाध्यापक शनेद्र सिंह तोमर और सहायक अध्यापक ,पर्यावरण मित्र नवीन कुमार दीक्षित ने बच्चों को वितरित किए गेंदा जैसे फूलों वाले बिजली के पौधे नवीन कुमार दीक्षित ने बच्चों से कहा कि एक वैज्ञानिक ने कहा था कि मधुमक्खी के विलुप्त हो जाने के चार साल बाद मानव का अस्तित्व भी भयंकर खतरे में पड़ जाएगा इसलिए घरों में खाली पड़े डिब्बों ,नमक, शक्कर एवं वाशिंग पाउडर के खाली पाउच में फूल उगाकर तथा खेतों में फुलवारी लगाकर मधुमक्खी पालन करना अति आवश्यक हो गया है साथ ही फूलों को देखने से मन प्रसन्न रहता है और सुगर जैसी बीमारी नहीं होती है इस अवसर पर उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक शनेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि एक किसान ने बरसीम चारा के बीज का जिस खेत में केवल बारह किलो उत्पादन किया उसी खेत के बगल में मधुमक्खी का पालन करके परागण बढ़ाकर बरसीम चारा के बीज का एक सौ बारह किलो का अच्छा उत्पादन लिया था।

## प्रदर्शनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का संजीव चित्रण: जिलाधिकारी

कानपुर देहात सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के द्वारा कानपुर देहात के कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का जिलाधिकारी नेहा जैन ने फीता काटकर उदघाटन किया। उदघाटन के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा राज्य व केन्द्र सरकार की लाभकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि प्रदर्शनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का संजीव चित्रण है। प्रदर्शनी से आम जनमानस को सरकार की योजनाओं की पूर्ण जानकारी मिल सकेगी और समस्त जनता को संदेश भी दिया कि जनता अधिक से अधिक आकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करे एवं अन्य व्यक्तियों को भी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी हमे प्रदेश के आर्थिक विकास के दर्शन कराती है। इससे जनसामान्य भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं में संबंध में जान सकेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन के केशव नाथ गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र मोहन, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित।

## अयोध्या में सरयू घाट पर संत निरंकारी मिशन द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान



अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्मनगरी अयोध्या में संत निरंकारी मिशन द्वारा आजादी के 75वें श्अमृत महोत्सव के अवसर पर सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में दिनांक 26 फरवरी, दिन रविवार को अमृत परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन का शुभारम्भ किया गया इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण तथा इसके बचाव हेतु अपनायी जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना एवं उन्हें क्रियान्वित रूप देना है। इस परियोजना का मुख्य बिन्दू जल निकायों की स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच श्जागरूकता अभियान के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित किया गया बाबा हरदेव जी है।बाबा हरदेव सिंह जी द्वारा समाज कल्याण हेतु जीवनपर्यन्त अनेक कार्य किये गये जिसमें स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान का आरम्भ प्रमुख है और उन्हीं की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशन में श्अमृत परियोजना का आयोजन किया गयाहै।संत निरंकारी मिशन के सचिव आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा जी ने इस परियोजना संबंधित विस्तृत जानकारी दी कि यह परियोजना संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 1100 स्थानों के 730 शहरों, 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में विशाल रूप से आयोजित की जायेगी जिनमें मुख्यतः आंध्र प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, असम, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दमन और दीव, दिल्ली, गुजरात, गोवा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल इत्यादि सम्मिलित है।इस परियोजना में निरंकारी मिशन के करीब 1.5 लाख स्वयंसेवक अपने सहयोग द्वारा श्जल संरक्षणश और जल निकायों जैसे समुद्र तट, नदियां, झीले, तालाब, कुएं, पोखर, जोहड, विभिन्न झरनों, पानी की टंकियों, नालियों और जल धाराओं इत्यादि को स्वच्छ एवं निर्मल बनायेंगे। मिशन की लगभग सभी शाखाएँ इस अभियान में सम्मिलित होंगी और आवश्यकता पड़ने पर अलग–अलग शाखाएँ भी निर्दिष्ट क्षेत्रों में सामूहिक रूप से इन सभी गतिविधियों में अपना योगदान दियाअमृत परियोजना के अंतर्गत भारत के दक्षिणी क्षेत्रों के मुख्य तटबंधों की स्वच्छता जिनमें सूरत, मुम्बई से लेकर गोवा तक का कोंकण बेल्ट, मालाबार तट के कर्नाटक, केरल की तटीय रेखाओं और अरब सागर के पश्चिमी घाट की सीमा को तथा कोरोमंडल तट के दक्षिण पूर्वी तटीय क्षेत्रों को स्वयंसेवकों की टीमों द्वारा कवर किया जायेगा। इसके अतिरिक्त पूर्व में बंगाल की खाड़ी, और दक्षिण में कावेरी डेल्टा को भी कवर किया गयानदियां रू– इस अभियान में प्रमुख नदियों को भी सम्मिलित किया गया है जिसमें मुख्यतः उत्तरी क्षेत्र से ब्यास, गंगा, यमुना और घाघरा केंद्रीय क्षेत्र से चंबल, बेतवा, नर्मदा, कृष्णा, ताप्ती सोन नदी, पश्चिमी क्षेत्र से साबरमती, माही, तवा पूर्वी क्षेत्र से महानदी, गोदावरी और दक्षिणी क्षेत्र से कृष्णा, कावेरी, कोल्लिडम इत्यादि प्रमुख है।

समुद्र तटों एवं नदियों की स्वच्छता हेतु प्रयोग की जाने वाली प्रणालियांरू– प्रायः प्राकृतिक जल निकायों वाले क्षेत्रों में पाया जाने वाला प्लास्टिक कचरा, अपशिष्ट पदार्थ, झाड़ियाँ, अपशिष्ट खाद्य पदार्थों को हटाकर समुद्र तटों, घाटों एवं नदियों के किनारों की सफाई मिशन के स्वयंसेवकों द्वारा की जायेगी।इसके अतिरिक्त प्राकृतिक एवं कृत्रिम जल स्त्रोतों में पायी जाने वाली काई को जाली की छड़ियों और अन्य उपकरणों की सहायता से हटाया जायेगा। इसके अतिरिक्त रास्तों की सफाई और आसपास के क्षेत्रों में घूमने एवं चलने वाले स्थानों को सुशोभित करने हेतु वृक्ष एवं अन्य झाड़ियों को स्वयंसेवकों के समूह द्वारा लगाया जायेगा ताकि पर्यावरण हरित एवं सुंदर रहे।जागरूकता अभियानः– यह गतिविधि सभी क्षेत्रों में सबसे अधिक महत्वपूर्ण है फिर चाहे वह प्राकृतिक जल निकाय हो अथवा मानव निर्मित। इस अभियान में लोगों को जागरूक करने हेतु मुख्यतः श्जल संरक्षणश और श्अच्छी जल प्रथाओं के बारे में संदेश प्रदर्शित करने वाले नारों, बैनरों, होर्डिंग्स का प्रदर्शन, सफाई गतिविधियों के दौरान नुक्कड़ नाटिकाओं के माध्यम से जल के महत्व और इसके संरक्षण पर जागरूकता उत्पन्न कराना, रैलियांध्मार्चध्स्थानीय क्षेत्रों में जल के लिए पदयात्रा करना, जल संरक्षण पर गीतों की प्रस्तुति, जल जनित रोगों के प्रति जागरूकता, लोक नृत्य, गीत और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जल संरक्षण पर जागरूकता इत्यादि प्रमुख है।निसंदेह यह परियोजना पर्यावरण संतुलन, प्राकृतिक की सुंदरता और स्वच्छता हेतु किया जाने वाला एक प्रशसनीय एवं सराहनीय प्रयास है। वर्तमान में हम ऐसी ही लोक कल्याणकारी परियोजनाओं को क्रियान्वित रूप देकर अपनी इस सुंदर धरा को हानि से बचा सकते है। साथ ही प्राकृतिक संसाधनों के दोहन पर भी रोक लगाई जा सकती है।

## अयोध्या में मस्जिद निर्माण के लिए भू उपयोग परिवर्तन की मंजूरी जल्द मिलने की उम्मीद



अयोध्या।लखनऊ। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन धर्म नगरी अयोध्या जनपद में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर अयोध्या के धन्नीपुर में मस्जिद निर्माण के लिए मिली जमीन के उपयोग परिवर्तन को मंजूरी मिलने का इंतजार जल्द खत्म होने की उम्मीद है। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर सरकार द्वारा अयोध्या जिले के धन्नीपुर गांव में दी गई पांच एकड़ जमीन पर इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन (आईआईसीएफ) ट्रस्ट द्वारा एक मस्जिद, अस्पताल, शोध संस्थान, सामुदायिक रसोई और पुस्तकालय का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए भू–उपयोग परिवर्तन का मामला पिछले करीब चार महीने से अयोध्या विकास प्राधिकरण में लंबित है। लेकिन अगले हफ्ते इसे हरी झंडी मिलने की संभावना है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि प्राधिकरण इस मामले पर अगले हफ्ते निर्णय करेगा। उन्होंने कहा, ''शासन से इस बारे में निर्देश प्राप्त हो चुका है। हम सोमवार को इस मामले में विचार करेंगे। अगले हफ्ते इस पर निर्णय हो जाएगा।''ट्रस्ट के स्थानीय न्यासी अरशद खान ने बताया कि अयोध्या जिले के धन्नीपुर गांव में एक मस्जिद, अस्पताल, शोध संस्थान, सामुदायिक रसोई और पुस्तकालय के निर्माण की मंजूरी के लिए जुलाई 2020 में अयोध्या विकास प्राधिकरण में आवेदन किया गया था। उससे कुछ ही दिन पहले राम मंदिर के लिए अनुमोदन दिया गया था।उसका आवेदन ऑफलाइन किया गया था। खान ने बताया, ''जब हमने भी आवेदन किया तो अयोध्या विकास प्राधिकरण ने कहा कि आप ऑफलाइन के बजाय ऑनलाइन आवेदन कर दें। ट्रस्ट द्वारा इसमें असमर्थता जताए जाने पर प्राधिकरण के लोगों ने ही अपने यहां के कर्मचारियों से कहकर आवेदन को ऑनलाइन कराया। ऑनलाइन आवेदन होने से पोर्टल ने 15–16 अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांग लिए।''उन्होंने बताया, ''एनओसी हासिल करते–करते ही एक साल गुजर गया। उसके बाद अयोध्या के तत्कालीन जिलाधिकारी नीतीश कुमार के संज्ञान में जब यह मामला आया तो उन्होंने अनापत्ति प्रमाण पत्र भेजवाने में मदद की। जब एनओसी आ गई तो पिछले साल अक्टूबर में भू–उपयोग परिवर्तन का मामला आ गया। इसे शासन में भेजा गया था। ऐसा बताया जा रहा है कि शासन की तरफ से अयोध्या विकास प्राधिकरण के पास लिखित में कुछ आया है।''गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने राम जन्मभूमि–बाबरी मस्जिद मामले में नौ नवंबर 2019 को दिए गए अपने ऐतिहासिक फैसले में विवादित स्थल पर राम मंदिर बनवाने और मस्जिद निर्माण के लिए मुसलमानों को अयोध्या में किसी प्रमुख स्थान पर पांच एकड़ जमीन देने का आदेश दिया था।मस्जिद निर्माण के लिए गठित इंडो–इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट ने दी गई जमीन पर मस्जिद के साथ–साथ एक अस्पताल, सामुदायिक रसोई, पुस्तकालय और शोध संस्थान बनाने का ऐलान किया था। ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने उम्मीद जताई थी कि भू–उपयोग परिवर्तन से संबंधित औपचारिकताएं पिछले साल नवंबर के अंत तक पूरी कर ली जाएंगी। उसके बाद दिसंबर में मस्जिद तथा अन्य सुविधाओं का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा और दिसंबर 2023 तक मस्जिद का ढांचा तैयार कर लिया जाएगा !

## जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव के साथ राबी बहाउद्दीनपुर बूथ संख्या 83 पर भाजपा के पदाधिकारियों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



अंबेडकर नगर इ प्रत्येक माह की अन्तिम रविवार को होने वाले प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को अकबरपुर नगर मण्डल के राबी बहाउद्दीनपुर बूथ संख्या 83 पर जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,पूर्व जिलाध्यक्ष रमा शंकर सिंह, पुलिस उपाधीक्षक सुरेश मिश्र,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह,जिला मंत्री विनय पाण्डेय,बूथ अध्यक्ष विष्णु पाण्डेय सहित सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों के साथ सुना। प्रधान मंत्री के मन की बात कार्यक्रम के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव को बुके और माला पहना कर स्वागत किया।प्रभारी मंत्री ने बूथ अध्यक्ष सहित उपस्थित सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश को स्वच्छता अभियान अपनाने,वाद्य यंत्र की उपयोगिता और कलाकारों के कला की सराहना किया है।उपस्थित लोगों को स्वच्छता की संकल्प दिलाते हुए कहा कि हमें आसपास के स्थानों को हमेशा स्वच्छ रखना चाहिए।भाजपा सरकार द्वारा प्रत्येक घरों में बनवाए गए शौचालय का उपयोग करें।स्वच्छता अपनाने से परिवार और समाज दोनों स्वस्थ रहते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने प्रभारी मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि मंत्री जी ने नगर के बूथ पर बूथ अध्यक्ष सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलाओं और नवजवानों के साथ प्रधामंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम को सुनकर जो बड़ापन दिखाया है वह सराहनीय है।उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री जी ने जिस जिस विंदू पर चर्चा किया है।उसे अपना कर हम लाभान्वित हो सकते हैं। मन की बात कार्यक्रम को मुख्य रूप से विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय,जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद,पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू,पूर्व प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी,पूर्व विधायक त्रिवेणी राम,अनीता कमल,संजू देवी,सुभाष राय,जय राम विमल,पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव,यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,निवर्तमान चेयर मैन सरिता गुप्ता,जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव,अमरेंद्र कांत सिंह, सुरेश कन्नौजिया,दिलीप पटेल देव,मन की बात कार्यक्रम जिला संयोजक दीपक तिवारी,भाजपा नेता राजकुमार सेठ आदि ने सुना।

## पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में निकाली गई जनआभार रैली



किच्छा । युवा भाजपा नेता दिव्यांश लूथरा को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा किच्छा नगर अध्यक्ष बनने पर आज शहर में विशाल जन आभार रैली का आयोजन किया गया, आभार रोड शो में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ इंद्रा गांधी खेल मैदान से शुरू कर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए आवास विकास कार्यालय तक संचालित रोड शो का जगह जगह व्यापारियों, कार्यकर्ताओं व समाजसेवियो ने स्वागत किया।

पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में अपनी राजनीति की शुरुआत करने वाले दिव्यांश लूथरा विगत विधानसभा चुनाव में युवाओं के साथ अपनी सक्रियता का बखूबी निर्वहन किया, पार्टी के प्रति निस्वार्थ सेवा व समर्पण को देखते हुए पार्टी ने दिव्यांश लूथरा को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा किच्छा नगर का अध्यक्ष बनाया है! दिव्यांश लूथरा को युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष बनने से युवाओ में खास उत्साह देखने को मिल रहा है! पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने दिव्यांश को बधाई देते हुए अपनी ऊर्जा जनता की सेवा में लगाने व पार्टी को मजबूत करने की शुभकामनाएं दी !

दिव्यांश लूथरा ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि मेरे जैसे छोटे कार्यकर्ता को पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसका बखूबी निर्वहन करुंगा, युवा मोर्चा किच्छा नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला व मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना का आभार जताया ! रोड शो कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष विश्वजीत मिश्रा, रिंकू लूथरा, सभासद संदीप अरोरा, धर्मराज जायसवाल, प्रकाश पंत, महेंद्र पाल, अमित गुप्ता, अंकुर पपनेजा।

**झुग्गी झोपड़ी**

सत्वाधिकार, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार यादव द्वारा रमा प्रिंटिंगप्रेस 53/25/1ए, बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित रहीमाबाद पोस्ट कटहुला गौसपुर जिला प्रयागराज तहसील सदर से प्रकाशित
सम्पादक
संजय कुमार यादव

RNI No.: UPHIN/2015/63182
दूरभष : 0532–2618074
मोबाईल : 9918366626
डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23
e-mail: Jhuggijhopari@gmail.com
Website- www.Jhuggijhopari.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदाई तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा